प्रेस नोट **दिनांक 11.10.2026**

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, 02 वारण्टी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 11.10.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण*-**

1.थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त विनोद वर्मा पुत्र रामजी वर्मा निवासी ग्राम जोतपहाड थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ।

2.थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त अंगद सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी ग्राम चोरपाकला थाना सरायलखंसी जनपद मऊ।

अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 11.10.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया

इस अभियान के अंतर्गत टीमे गठित कर जनपद के विभिन्न स्थानों पर बदल बदलकर सदिग्ध वाहनो/ व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 445 वाहनों को एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालान व 05 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील किया गया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानों पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर परिवार परामर्श समिति की बैठक की गयी, जिसमें 21 मामलों में से 05 मामलों का हुआ निस्तारण।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में आज दिनांक 11.10.2026 को परिवार परामर्श समिति की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के समक्ष कुल 21 मामले आये, जिसमें 05 मामलों का निस्तारण हुआ। निस्तारण में 01 मामले में एफआईआर हुआ, 02 मामलें बन्द हुए, 02 मामलें सुलह हुए हैं जिनके नाम नूरशबा/सेराज, किरन/धर्मेन्द्र है तथा शेष मामलें में अगली तारीख 25-10-2026 दी गयी है।

परिवार परामर्श समिति की बैठक में श्री सर्वेश दूबे, श्री शाहिद पैरिस, मौलवी अरशद रहे तथा म0उ0नि0 मधु शर्मा, उ0नि0 इन्द्रभूषण पांडेय, उ0नि0 समरजीत यादव, महिला आरक्षी पूनम पाल, महिला आरक्षी राजलक्ष्मी, महिला आरक्षी करिश्मा उपस्थित रहे।

थाना मधुबन जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ितों का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 10,799/- (दस हजार सात सौ निन्यानवे रुपया) पीडितों को वापस कराया गया

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मधुबन श्री दिनेशदत्त मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 11.10.2026 को पीड़ितों/आवेदकगण क्रमशः 1.चन्दर सिंह पुत्र स्व0 नरसिंह निवासी हकारीपुर के खाते से- 2,999/- रुपये, 2.अभिषेक कुमार निवासी सिपाह इब्राहिमाबाद के खाते में 5,000/- रुपये, 3.दिलीप कुमार निवासी हसनपुर के खाते में 1,000/- रुपये, 4. विजय कुमार चौहान निवासी सूरजपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के खाते में 1,800/- रुपये कुल धनराशि- 10,799/- (दस हजार सात सौ निन्यानवे रुपया) MRM PORTAL के माध्यम से थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

दुर्गा पूजा व दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा घोसी क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया

आज दिनांक 11.10.2026 को दुर्गा पूजा व दशहरा त्यौहार को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत पुलिस

अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा क्षेत्राधिकारी घोसी श्री सत्येन्द्र भूषण तिवारी व प्रभारी निरीक्षक घोसी सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ घोसी थाना क्षेत्र के कस्बा घोसी में पैदल/ भ्रमण किया गया तथा बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया । संबंधित अधिकारियों को दुर्गा पूजा व दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत सतर्कता बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा यातायात एवं कानून-व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मिशन शक्ति 6.0 के तहत जनपद मऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर पैदल मार्च किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, सरकारी योजनाओं तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। मऊ पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।